कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश,
छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3 / 2022 / 3010 लखनऊ:दिनांक 20 दिसम्बर 2022

पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 कांउसिलिंग की प्रथम व द्वितीय फेज (2022) की समय–सारणी एवं आवश्यक दिशा–निर्देश

पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 (गर्भधारण से पूर्व एवं प्रसव निदान तकनीकी नियम–2014) की प्रथम व द्वितीय फेज (2022) की कांउसिलिंग हेतु समय–सारणी एवं आवश्यक दिशा–निर्देश निम्नवत् है:–

कार्यक्रम	समय–सारणी
ऑन–लाईन पंजीकरण की तिथि	दिनांक 21.12.2022 (मध्यान्ह 12.00 बजे) से 23. 12.2022 (अपरान्ह 4.00 बजे तक)
पंजीकरण धनराशि जमा करने की तिथि	दिनांक 21.12.2022 (मध्यान्ह 12.00 बजे) से 23. 12.2022 तक
धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि	दिनांक 21.12.2022 (मध्यान्ह 12.00 बजे) से 24. 12.2022
मेरिट लिस्ट जारी करने की सम्भावित तिथि	दिनांक 23.12.2022
कांउसिलिंग हेतु विकल्प (Choice) भरे जाने की तिथि	दिनांक 26.7.2022 (पूर्वान्ह 11.00 बजे) से दिनांक 27.12.2022 (अपरान्ह 2.00 बजे तक)
परीक्षा परिणाम की घोषणा	दिनांक 28 / 29.12.2022
आवंटन पत्र डाउनलोड किये जाने तथा प्रवेश लेने की तिथि	दिनांक 29.12.2022 से 31.12.2022 तक

1. समयाभाव के दृष्टिगत प्रथम बैच की 12 सीटों एवं द्वितीय बैच की 12 सीटों (कुल 24 सीटों) हेतु काउंसिलिंग संयुक्त रूप से सम्पादित की जा रही है।
2. नीट पी0जी0–2022 में अर्ह (Qualified) अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है।
3. यू0पी0 नीट पी0जी0–2022 के शासनादेश दिनांक 23 सितम्बर 2022 तथा यू0पी0 नीट पी0जी–2022 के ब्रोशर में दिये गये नियम व शर्ते लागू होगी।
4. उपरोक्त शासनादेश / ब्रोशर में निहित निर्देशों के क्रम में अभ्यर्थी अपनी अर्हता का परीक्षण स्वयं करना सुनिश्चित करें।
5. अभ्यर्थी एन0आई0सी0 की वेबसाइट https://upneet.gov.in पर नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / ऑन लाइन माध्यम से रू0 2000 / – (रूपये दो हजार मात्र) की धनराशि जमा कर पंजीकरण करने के पश्चात् अर्ह अभ्यर्थी पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते है।
6. पंजीकरण धनराशि रू0 2000 / –जमा कराते हुए पंजीकरण रसीद डाउनलोड कर लें यदि पंजीकरण रसीद डाउनलोड नही हो रही है, तो Payment Update होने का इंतजार करें।

7. च्वाइस फिलिंग से पूर्व रु0 10,000/–(रूपये दस हजार मात्र) की धरोहर धनराशि नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/ऑन–लाईन जमा करना अनिवार्य होगा।
8. पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 की काउंसिलिंग हेतु मेरिट ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर जारी की जायेगी। इन–सर्विस अभ्यर्थियो को वेटेज अनुमन्य नही होगा।
9. अभ्यर्थियों द्वारा Choice भरने के उपरान्त Choice Lock करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में काउंसिलिंग प्रक्रिया से स्वतः बाहर हो जायेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
10. आवंटन के पश्चात् अभ्यर्थियो को अपने सभी मूल शैक्षणिक अभिलेख/प्रमाण पत्रों के साथ–साथ स्व–प्रमाणित अभिलेखो/प्रमाण पत्रों की प्रतियाँ प्रवेश के समय आवंटित कालेज में प्रस्तुत कर निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।
11. नीट पी0जी0–2022 की काउंसिलिंग से प्रवेशित (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/डी0एन0बी0) अभ्यर्थी पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी0 काउंसिलिंग हेतु अर्ह नहीं है।
12. पी0सी0 एण्ड पी0एन0डी0टी काउंसिलिंग से सम्बन्धित सूचनाए वेबसाइट https://upneet.gov.in तथा www.dgme.up.gov.in पर देखी जा सकती है।

महानिदेशक।